दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-31 बुधवार 01 फरवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes



## संक्षिप्त समाचार

## अग्रवाल कॉलेज की छात्रा को निबंध लेखन प्रतियोगिता में मिला दूसरा स्थान

बल्लभगढ़, 31 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। इस बार पूरे देश ने 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ



विजेता छात्रा को सम्मानित करते कॉलेज के प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता। छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

मनाया। इसी अवसर के उपलक्ष्य में व मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास में ज़िला निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा आँचल तंवर (एम. ए हिन्दी फाइनल) को ज़िला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेता छात्रा को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य जी ने सभी को इसी प्रकार प्रेरित होकर देश की सेवा व देश में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संबोधन दिया। आँचल को यह पुरस्कार ज़िला उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी माननीय विक्रम सिंह द्वारा मिला। साथ ही छात्रा को 700 रू/- की नगद राशि भी पुरस्कार के रूप में मिली। इस अवसर पर डा. जयपाल, मनमोहन सिंगला, सुश्री उदिता कुण्डू आदि सभी शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी।